## पुलिस ने दर्ज किया मामला, ट्रक ने स्कूटी के पीछे हिस्से में मारी जोरदार टक्कर

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक युवक और एक युवती की दर्दनाक मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

आज नगर में पूना से लौटकर पिता के साथ घर जा रही 18 वर्षीय युवती की आरडी शाला के सामने और महादेव मेले से लौटकर नागपुर लौट रहे युवकों में से एक की सडक दुर्घटना में मौत हो गई। ज्ञात हो कि शाम लगभग 5 बजें युनूस इस्माईल, अमित गौर, राजू तिजारे और एक अन्य युवक पचमढी के महादेव मेले से लौटकर अपने निवास नागपुर की ओर कार से जा रहे थे। राजना और हिवरा के बीच सडक पर कुछ मरम्मत कार्य के चलते वनवे सुविधा कर दी गई थी। इतने में सामने से आ रहे सरिया लदे ट्रक ने कार को ठोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार कई फिट दूर कलाबाजियां खाती हुई गई और ट्रक ने भी पलटी खाई। इस भिडंत में एक नौजवान की मौत हो गई और कार में सवार अन्य 3 घायल हो गए। पुलिस मृतक और घायलों का के मामले की जांच कर रही है। आज दोपहर 12 बजे आरडी शाला के सामने एक सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई। युवती के पिता को हल्की चोटें आई है जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चैताली पिता किशोर दहीवाले निवासी संतोषी माता वार्ड आज सुबह पुणे से लौटी थी। पिता और बेटी स्कूटी पर सवार होकर बस स्टैंड से घर लौट रहे थे।

इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे यूपी पासिंग आयशर ट्रक ने स्कूटी को ओवरटेक करने की कोशिश की। स्कूटी को ट्रक का पिछला हिस्सा टकराया, और स्कूटी लगभग 100 दूर तक युवती समेत घसीटते चली गई। इस टक्कर में चैताली का दाहिना दाहिना पैर बुरी तरह क्रश हो गया। इसके बाद घायल चैताली को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल नागपुर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कोल्ड्रिफ सिरप पालकों में व्याप्त नाराजगी, एसडीएम के मार्फत, सीएम को भेजा पत्र

**परासिया :-** जहारीले कोल्ड्रिफ सिरप से हुई 25 मासूमों की मौत का मामला भले ही अब सुर्खियों में नहीं है, लेकिन मामले में जांच अब भी जारी है। वहीं इन बच्चों के पालकों में नाराजगी भी व्याप्त है। पालकों ने एस डी एम के मार्फ़त प्रदेश के मुखिया को पत्र भेजा है। जिसमें एफ आई आर में नामजद दो डॉक्टरों को लेकर नाराजगी जताई है।पालक निलेश सूर्यवंशी और सुरेश पीपरे ने सी एम मोहन यादव का नाम पत्र लिखकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा है। जिसमें कहा गया है, कि इस मामले में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसमें नामदर्ज कुछ आरोपी अब भी खुले घूम रहे हैं, यदि उन्हें 16 फरवरी तक गिरफ्तार नहीं किया गया तो मृत बच्चों के परिवारजन अनिश्चित कालीन धरना करेंगे।

## छात्रों ने ओलंपियाड में गाड़े झंडे प्रिंसिपल और शिक्षकों को मिला 'ग्लोबल एजुकेटर्स अवार्ड



**परासिया :** अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स और कंप्यूटर साइंस ओलंपियाड में संत चावरा नेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित एक समारोह में विजेता छात्रों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्रायला बीजू, पुष्पेंद्र सतनकर और सिद्धि सिंह राजपूत ने जोनल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2 गोल्ड मेडल, 17 सिल्वर और 13 ब्रोंज मेडल विद्यार्थियों ने अपने नाम किए। छात्रों की इस बड़ी सफलता के साथ - साथ विद्यालय के नेतृत्व को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। प्रिंसिपल फादर जैसन, ओलंपियाड समन्वयक ऋषि शर्मा और सुशांत ठाकरे को उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं और मार्गदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'ग्लोबल एजुकेटर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया।फादर जैसन ने इस अवसर पर सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, कि यह उपलब्धि स्कूल के अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।

## शिवपुरी थाना क्षेत्र के लोहांगी से फिर पकड़ी गई अवैध रेत 4 ट्रैक्टर जप्त



**परासिया :** शिवपुरी थाना क्षेत्र में अवैध रेत का परिवहन और उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात को फिर अवैध रेत पकड़ी गई। ग्राम पंचायत लोहांगी में 4 ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़े गए। जिन्हें शिवपुरी थाने में खड़ा किया गया। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राम सूर्यवंशी एवं राजस्व दल, खनिज तथा पुलिस के संयुक्त दल द्वारा ग्राम लोहांगी में पेंच नदी में अवैध रेत उत्खनन करते हुए चार ट्रैक्टर जप्त कर थाना शिवपुरी में सुपुर्द किये गये। यह कार्यवाही इस क्षेत्र में जारी अवैध रेत के कारोबार को उजागर करती है। वहीं क्षेत्र में स्थापित पुलिस व्यवस्था की मुस्तैदी पर सवाल खड़ा होता है।

## अब रामाकोना क्षेत्र में बाघ की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

### सूर्या बुरिया में बछड़े का किया शिकार, वन विभाग ने जारी किया क्षेत्र में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे ग्रामीण और किसान अब डर के साये में जीने को मजबूर हैं। ताजा मामला सीतापार के कन्हान पिपला मार्ग स्थित सूर्या बुरिया क्षेत्र का है, जहाँ बीती रात एक हिंसक वन्य जीव ने एक बछड़े को अपना निवाला बना लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामाकोना निवासी किसान गोपाल हिवरकर का बछड़ा सूर्या बुरिया स्थित उनके खेत में बंधा हुआ था। रात के अंधेरे में अज्ञात हिंसक शिकारी ने खेत में घुसकर बछड़े पर हमला कर दिया और उसे मार डाला। सुबह जब किसान खेत पहुँचा, तो घटना देख उसके होश उड़ गए।खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।बाघ या तेंदुआ? जांच में जुटा वन विभागघटना की सूचना मिलते ही वनरक्षक बंडू बागड़े ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया।

वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर लिया है और किसान को पशु हानि का उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।हमलावर जानवर को लेकर फिलहाल संशय बना हुआ है। कन्हान वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक कुमार तिरपुड़े ने बताया कि:मौके पर मिले पगमार्कों (पदचिन्हों) का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। अभी यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि शिकार बाघ ने किया है या तेंदुए ने। अधीनस्थ अमले को घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता दिनकर पातुरकर ने पगमार्कों का अवलोकन करने के बाद दावा किया है कि यह शिकार बाघ द्वारा ही किया गया है।वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों से बेहद सतर्क रहने की अपील की है। वन विभाग के एसडीओ प्रमोद चौपडे ने ग्रामीण क्षेत्र से सतर्क रहने के साथ ही शाम ढलने के बाद खेतों की ओर अकेले न जाने,अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधने आदि की अपील की है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता: सांसद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि पं. उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद न केवल एक राजनीतिक दर्शन, बल्कि समाज के समग्र विकास का सिद्धांत है। दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उनकी विचारधारा राष्ट्रवाद, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में एक मार्गदर्शक की तरह है।



सांसद श्री साहू ने कहा कि दीनदयाल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और अंत्योदय के विचार को समर्पित रहा। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जिले, प्रदेश और देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक दूरदर्शी विचारक थे, जिन्होंने खुद को देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का उनका दर्शन एक मजबूत राष्ट्र की ओर हमारी यात्रा को प्रेरित करता है।

## ईको क्लब की 2 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ एवं संपोषित जीवन चर्या पर किताब का प्रकाशन



**चौरई।** शासकीय महाविद्यालय चौरई में संपोषित जीवनचर्या विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु माननीय आई पी त्रिपाठी जी के मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पंडित रमेश दुबे के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विकास शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने जीवन में प्रकृति प्रदत्त साधनों का उपयोग करते हुए समस्त प्रकार के प्रदूषण से पृथ्वी का संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। प्राकृतिक संसाधन आज जिस रूप में हमे उपलब्ध हैं उसी शुद्धता के साथ हमारी आने वाली पीढ़ी को भी ये संसाधन उपलब्ध हो सकें। पंडित रमेश दुबे जी ने ईको क्लब द्वारा देशी सब्जियों और जड़ी बूटियों के बीजों के संरक्षण के लिए बनाए देशी बीज बैंक की पहल के लिए महाविद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि देशी किस्म के अनाज और सब्जियाँ पोषण के साथ साथ औषधीय गुणों से भी परिपूर्ण होती हैं, अतः इनके सेवन से हमारा स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा। इनकी उपेक्षा से धीरे धीरे ये किस्में विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। इनका संरक्षण निश्चित ही एक प्रशंसनीय कार्य है। माननीय कुलगुरू जी ने बताया कि प्रकृति से जितनी आवश्यकता है उतना ही ग्रहण करें अनावश्यक दोहन की हमारी परंपरा नहीं है। भगवान श्री रामचंद्र के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हम प्रकृति पूजक हैं, प्रकृति के नाश करने वाले नहीं। अतः प्रकृति का हर कदम पर रक्षण करें यही संपोषित जीवन चर्या है। अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डॉ लक्ष्मीचंद बड़गैया ने बताया कि विद्यार्थियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया जाना और 500 से अधिक जातियों के बीजों का संग्रह किया जाना वाकई गर्व का विषय है। विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर श्री निखिल कानूनगो ने बताया कि इस विषय पर शासकीय स्तर पर विश्व का ध्यान 1972 में गया और इस दिशा में 1983 से विशेष कार्य योजना बनाई गई किंतु दुनिया का हर देश संपोषित विकास के लक्ष्य से दूर है। आज भारत दुनिया के हर क्षेत्र में अग्रणी है, अतः संपोषित जीवनचर्या को अपनाकर हम विश्व के लिए नया उदाहरण पेश कर सकते हैं।

## पटवारी-सचिव ने नदी से पानी लेने वाले ठेकेदारों के खिलाफ बनाया पंचनामा

### हरिभूमि की खबर का एक बार फिर हुआ असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



तामिया फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने पूर्व में संचालित मिडिल स्कूल के सामने प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावास एवं आश्रम निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिनका निर्माण कार्य आधे से अधिक हो गया लेकिन आज दिनांक तक इनकी कार्यकारी एजेंसी के अलावा यह किस विभाग से स्वीकृत हुए हैं। इनकी कितनी लागत है। इसका उल्लेख महीनो बाद भी नहीं होना संबंधित विभाग के इंजीनियरों एवं वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। कि आखिर ठेकेदारों को निर्माण कार्य संबंधी बोर्ड लगाने क्यों नहीं निर्देशित किया गया यह लोगों की समझ. से परे है।

इन्हीं अधिकारियों की शह पर ठेकेदारों की मनमानी एक और नमूना देखने मिला की महीनों से पीछे की नदी में संचित जल का निर्माण कार्य में जमकर उपयोग कर जल संवर्धन एवं जलाभिषेक अभियान का खुला उल्लंघन करते चले आ रहे थे। इसका समाचार हरिभूमि प्रकाशित किया था। समाचार को संज्ञान में लेकर अधिकारी ने तामिया पटवारी लक्ष्मीकांत वर्मा एवं तामिया ग्राम पंचायत सचिव जगतशा तेकाम को निर्देशित किया कि ठेका स्थल पर पहुंच कर वास्तविकता का पता लगा कर नदी से पानी लेने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध पंचनामा बनाकर प्रकरण तैयार करें। आज पटवारी एवं पंचायत सचिव जब निर्माण स्थल के पीछे नदी पर पहुंचे तो नदी में पनडुब्बी मोटरों से निर्माण कार्य में पानी लेते पाया गया। पटवारी ने नदी में संचित जल लिए जाने का पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित करने हेतु बनाया। इस तरह हरिभूमि की खबर एक बार फिर जनहित में प्रकाशित होने के बाद काम आई और पशु पक्षियों के लिए संचित पानी नदी में बच पाएगा और आने वाले दिनों में पशु पक्षियों अन्य प्राणियों को पीने मिल सकेगा।

## नगरपालिका अभियान के जरिए दे रही है जनसुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर



नगर पालिका परिषद सौंसर इन दिनों शहर के विकास और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए दोहरी रणनीति पर काम कर रही है। एक ओर जहाँ 'स्वच्छ जल अभियान' के तहत पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 'संकल्प से समाधान' अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं को सीधे जनता के दरवाजे तक पहुँचाया जा रहा है।

नगर पालिका मुख्य अधिकारी मौसम पालेवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगरीय क्षेत्र में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। शहर की सभी पानी की टंकियों की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई की जा रही है। विभिन्न वार्डों में पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों का सुधार कार्य युद्ध स्तर पर जारी है ताकि पानी की बर्बादी रुके और अंतिम छोर तक दबाव के साथ जल आपूर्ति हो सके। शासन की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पालिका की टीम वार्ड स्तर पर विशेष कैंप लगा रही है। इसके साथ ही चिन्हित स्थानों पर शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण ओर नगर पालिका के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। नगर पालिका का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक सुविधाओं से वंचित न रहे।

## भ्रष्टाचार को लेकर दोषियों पर हो एफआईआर, शुरू हुआ क्रमिक अनशन

**गुढ़ी अंबाड़ा /जुन्नारदेव :** पंचायत शासन के पंचायत राज की मूल भावना और परिकल्पना को अनदेखा कर मनमानी कर रही हैं, इन दिनों ग्राम पंचायत पालाचौरई में हर दिन भ्रष्टाचार एवं फर्जी के मामला उजागर हो रहे हैं अपने निजी स्वार्थ एवं अधिक से अधिक धन बचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पालाचौरई के माइनस नाले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना से 14 लाख 98 हजार की लागत से आठ माह पूर्व पुलिया का निर्माण किया गया है ,लेकिन पंचायत के रोजगार सहायक एवं जिम्मेदार इंजीनियर की मिलीभगत से बेहद घटिया निर्माण किया गया आठ महीने पहले बनी पुलिया भ्रष्टाचार की हकीकत खुद बया कर रही है पिछले दो ढाई वर्षो में जुन्नारदेव से ले छिंदवाड़ा तक




शिकायत करने के बाद भी आज तक कार्यवाही नहीं हुई।पंच एवं ग्रामीण ने पंचायत में हो रहे घटिया निर्माण की जांच कर दोषियो पर कार्यवाही नही हो पाई . पंचायत के द्वारा ग्राम सभा आहूत नही की जाती है। पंचायत एंव ग्राम सभा के अनुमोदन बिना पचांयत की राशि का आहरण कर लिया जाता है। विकास का कोई खाका तैयार नही किया गया है निर्माण कार्य के नाम घटिया काम किया जा रहा है।साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जल कर के नाम तथा ई-रिक्सा, अग्निी शामक यंत्र खरीदी के नाम लाखो की राशि आहरित की चुकी है। भ्रष्टाचार की पंचो एंव ग्रामीणो द्वारा अनेको शिकायत की गयी। जिसमें जॉच के बाद व्यापक भ्रष्टाचार उजागर हो चुका जॉच में लगभग 8 लाख रू0 की राशि वसूली हेतू विभिन्न धाराओ में कार्यवाही प्रस्तावित है।

### हरिभूमि निर्भीकता से लगातार प्रकाशित करता रहेगा रेत चोरी का समाचार

## प्रशासन की मनाही के बाद थाने के पीछे रेत गिराकर रेत चोरों ने दिखाया रसूख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



भूरा भगत मेला काल में जिला प्रशासन की ओर से मेले में आने वाले भक्तों के लिए यातायात संबंधी पुख्ता इंतजाम किए गए है। वाहन चालकों किसी भी प्रकार की दुर्घटना का अनावश्यक रूप से सामना ना करना पड़े। इसके लिए स्थानीय अधिकारियों ने. चोरी कीओवरलोड रेत लेकर चलने वाले ट्रको एवं ट्रैक्टरो पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है और उन्हें रेत चोरी करने की सख्त मनाही की है। नहीं मानने वाले एक ट्रैक्टर ट्रक को चोरी की रेत ले जाते थाने में भी खड़ा किया है। लेकिन प्रशासनिक तंत्र की नाकामी कहे या रेत चोरों के बुलंद हौसले कि अधिकारियों की मनाही के बाद आखिर किसकी दम पर अवेहलना कर रहे हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीती रात थाने के पीछे चल रहे निर्माण कार्य में चोरी की रेत का एक डंपर खाली होना जिला प्रशासन की व्यवस्था एवं स्थानीय अधिकारियों की मेला काल के दौरान रेत नहीं लाने की ताकीद के बाद रेत का खाली होना स्थानीय अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर गया और वही रेत चोरों का रसूख एक बार फिर देखने मिला। यदि अधिकारी चाहे तो खाली हुई रेत के डंपर मालिक का कम से कम खरीददार से पता कर सकते हैं कि मनाही के बाद भी किसने प्रशासन को रेत चोरी कर चुनौती पेश की है।

## शासकीय सामुदायिक केंद्र के सुरक्षा गार्डों को 3 महीने से नहीं मिला वेतन

**जुन्नारदेव :** शासकीय सामुदायिक केंद्र में कार्यरत सुरक्षा गार्डों को विगत तीन महीनों से वेतन भुगतान नहीं किया गया। ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते अस्पताल में काम करने वाले सुरक्षा प्रहरियों को वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश कर्मचारी उधर किराना राशन लेकर अपना घर परिवार चला रहे हैं। वेतन दिलवाने में जिला चिकित्सालय के अधिकारी भी मौन धारण किए हुए हैं। जिसके कारण ठेकेदार के हौसले बुलंद है। शासकीय अस्पताल के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा बार-बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी संबंधित ठेकेदार एवं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका प्रभाव कर्मचारियों और उनके परिवारों को भुगतान पड़ रहा है।



## कलेक्टर ने परखा तैयारियों का स्तर, 11 फरवरी से भव्य मेला शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

# महाशिवरात्रि पर्वः मोहगांव हवेली में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मोहगांव हवेली स्थित विश्व प्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियाँ अपने अंतिम चरण में हैं। मंगलवार को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने मंदिर परिसर का दौरा कर प्रशासनिक चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 11 फरवरी से यहाँ भव्य मेला शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुँचने की उम्मीद है। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए मजबूत बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन,वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए व्यवस्थित पार्किंग जोन,शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, निर्बाध बिजली और मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना,आदि के निर्देश दिए है।कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा की समन्वय ही सफलता की कुंजी है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए ताकि वे शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन और कथा का लाभ ले सकें।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अपर पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, एसडीओपी प्रियंका पांडे सहित नगर परिषद अध्यक्ष और मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान शाखा प्रबंधक राहुल वानखेड़े, मधु कमरे, राहुल नगमोते, देवेंद्र भोंगाढ़े, राहुल पेजे, पवन लोखंडे आदि थे। मंगलवार से शुरू हो रही शिव महापुराण कथा भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी।

## पंधराखेड़ी में भक्ति का माहौल, मुनि श्री सुप्रभ सागर मुनि प्रणतसागर के पंचकल्याणक महोत्सव कल से

**सौंसर।** ग्राम पंधराखेड़ी की पावन धरा पर पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य, विशुद्धरत्न श्रवण मुनि श्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रणत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में 11 फरवरी से भव्य 'श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक एवं नवीन वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव' का शंखनाद होने जा रहा है।महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व विशुद्ध रत्न जैन मुनि संघ का ग्राम में मंगल प्रवेश हुआ है।इस अवसर पर पंधराखेड़ी, मोहगांव, सौंसर और पांढुरना की सकल जैन समाज सहित ग्रामवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर मुनि संघ की अगवानी की। ढोल-नगाड़ों, भजन मंडलियों और पारंपरिक दिंडी यात्रा के साथ मुनि श्री को भव्य जुलूस के रूप में मंदिर तक लाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बबन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पंधराखेड़ी जैन मंदिर में नवीन वेदी और मूर्तियों की प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 11 फरवरी से 15 फरवरी तक 'श्री मज्जिनेन्द्र पार्श्वनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ' का आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्ण विधान विद्वान पंडित मुकेश शास्त्री (गुरुग्राम) और प्रतिष्ठा दिवाकर अखिलेश शास्त्री (रामगढ़ा) के कुशल निर्देशन में संपन्न होगा।11 फरवरी (गर्भ कल्याणक): महोत्सव की शुरुआत घटयात्रा, ध्वजारोहण, गुरु आज्ञा और इंद्र प्रतिष्ठा से होगी। रात्रि में स्वप्न दर्शन और मुनि श्री के प्रवचन होंगे। जन्म कल्याणक, तप कल्याणक और केवल ज्ञान कल्याणक के पावन प्रसंग जीवंत किए जायेगे, 15 फरवरी (मोक्ष कल्याणक) अंतिम दिन निर्वाण कल्याणक पूजा, विश्व शांति महायज्ञ और नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन मुनि श्री के मंगल प्रवचन, यागमंडल विधान और विशेष रूप से 'सम्यक समाधान' कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे। रात्रि में महाआरती,शास्त्र सभा के आयोजन ने धर्म प्रभावना को और अधिक बढ़ा दिया है।पंधराखेड़ी जैन समाज ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य अर्जन करने की अपील की है।

## राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक हुए रहमतुल्ला अंसारी मीसाबंदी में गए थे जेल

**दिघावानी / परासिया** :- रावनवाड़ा खास 11 / 12 निवासी 78 वर्षीय रहमतुल्लाह अंसारी को मंगलवार दोपहर राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया । वे मीसबंदी के दौरान जेल गए थे । ठेकेदार इदरीश अंसारी और शमीम अंसारी के पिता रहमतुल्लाह लंबे समय से बीमार थे । उनके निधन की खबर मिलते ही प्रशासन की ओर से तहसीलदार सुनैना बृहम्हे , कार्य पालक मजिस्ट्रेट राम सूर्यवंशी , शिवपुरी थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत , पटवारी यशवंत डेहरिया अपने अमले के साथ जरगल स्तिथ कब्रिस्तान पहुंचे । यहां पार्थिव शरीर पर तिरंगा रख मौजूद पुलिस कर्मियों ने सलामी दी । इसके बाद स्वजनों की उपस्थिति में उन्हें दफनाया गया । ग्राम पंचायत दिघावानी में रहमतुल्लाह अंसारी मीसाबंदी में जेल जाने वाले दूसरे व्यक्ति थे । इसके पूरी वर्तमान सरपंच पति दीपक जायसवाल के पिता स्वर्गीय जगन्नाथ जायसवाल मीसाबंदी में जेल गए थे । इनका देहांत 04 अक्टूबर 2015 में हुआ था । इनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किया गया था ।



## सांसद निधि से अटल घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

10 फरवरी मंगलवार को अटल घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया । यहां घाट का सौंदर्यीकरण और अटल जी की प्रतिमा लगाया जाना प्रस्तावित है । गौरतलब है , कि पेंच नदी न्यूटन चिखली में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अस्थियां विसर्जित की गई थी । उसके बाद से न्यूटन पेंच नदी घाट को अटल घाट नाम दिया गया है । नगर भाजपा न्यूटन द्वारा घाट पर सौन्दर्यकरण व अटल जी की प्रतिमा की मांग सांसद विवेक बंटी साहू से की गई थी । जिस पर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा सौन्दर्यकरण कार्य के लिए 2 लाख रुपये सैंक्शन किए गए । आगामी समय में इसी स्थान पर प्रतिमा भी लगाई जायगी । भूमिपूजन कार्यक्रम में ज्योति डेहरिया (विधानसभा प्रभारी) , बल्लू नागी (मंडल अध्यक्ष) , श्रीचंद पटेल (पूर्व मंडल अध्यक्ष) , अनुपमा राय (नगर परिषद अध्यक्ष) , संतलाल यादव (उपाध्यक्ष) , सीमा इरपाची पार्षद वार्ड नं 2 , राहुल सराठी पार्षद वार्ड नं 8 , नीरू अजय चंदेल पार्षद वार्ड नं 12 , शेख तौसिफ पार्षद वार्ड नं 3 , इन्द्रपाल साहू वरिष्ठ भाजपा नेता , दीपअक्षय भनारिया मंडल उपाध्यक्ष , नितिन जयसवाल , शिवनाथ कनोजिया नगर अध्यक्ष , अखलेश डेहरिया , सतीश रड़वे , रमेश साहू , रूपेश इरपाची , श्याम श्रीवास्तव , घनश्याम डेहरिया मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया जाएगा सांईनाथ महाराज का पन्द्रहवा वार्षिक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर के शिरडी सांई मंदिर दमुआ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओम सांईराम सेवा समिति के तत्वाधान में बडे ही हर्षोल्लस के साथ पन्द्रहवा सांई वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है आयोजित कार्यक्रम के तहत दिनांक 12 फरवरी दिन गुरूवार सांई ध्वजा रोहण , जल कलश यात्रा एवं साई दत्तात्रेय महायज्ञ प्रारम्भ होगा तथा दोपहर 01 बजे से प्रतिदिन पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथावचाक आर्चाय पं. श्री अमित कृष्ण शास्त्री जी (वृदांवन) के मुखारबिन्द से कथा का रसपान कराया जावेगा 14 फरवरी दिन शनिवार को श्री सांई पालकी नगर भ्रमण दोपहर 03 बजे से मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी , 15 फरवरी दिन रविवार शिवजी का भव्य रूद्राभिषेक एवं रूद्राक्ष वितरण शाम 05 बजे से किया जाएगा, 16 फरवरी दिन सोमवार प्रातः श्री सांईनाथ महाराज का पंचामृत अभिषेक , दोपहर 12 बजे से महाआरती साथ ही बाबा को छप्पनभोग समर्पित किया जावेगा दत्तात्रेय का समापन एव कथा का विराम पूर्णाहूति इसके पश्चात शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल नगर भोज भण्डारे का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में आप समस्त सांई परिवार की सहभागिता तथा उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

## महाशिवरात्रि पर श्री सिद्वनाथ धाम टेकडी में विशाल भण्डारे का आयोजन



**दमुआ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिरत्रि के पावन अवसर पर महादेव आने जाने वाले शिव श्रद्धालु भक्तो के लिये श्री सिद्धनाथ धाम समिति द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है जो दिनांक 10 फरवरी दिन मंगलवार से प्रारम्भ होकर 15 फरवरी दिन रविवार तक निरन्तर होगा। अतः इस पावन पुनीत अवसर पर तन-मन धन से सहयोग प्रदान कर पुण्य लाभ के सहभागी बने । आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि कि इस वर्ष भी मंदिर को भव्य रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है जो रात्रि के समय आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है। श्रद्धालु भक्तगण भी मंदिर पहुंचकर भगवान दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। समिति द्वारा सभी से अपील की गई हे कि उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्यामें पधारकर अपना सहयोग प्रदान करे।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत दिनांक 10 फरवरी 2026 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन "**Together for a Better Internet**" (बेहतर इंटरनेट के लिए मिलकर) थीम के अंतर्गत किया गया।कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम एवं सह-समन्वयक श्रीमती सुषमा टांडेकर के सहयोग से संपन्न हुआ।इस अवसर पर वक्ता के रूप में श्री जितेंद्र दिवाकर एवं श्री दिनेश इवनाती ने व्याख्यान के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई एवं डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।साथ ही सुरक्षित इंटरनेट से जुड़े कौशल, उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप के अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षित, सकारात्मक एवं उत्तरदायी इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। आयोजन में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## तुमसर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ सफल आयोजन



### 150 मरीजों की जांच, 80 को चश्मा-दवाई, 40 मोतियाबिंद मरीज जबलपुर रवाना

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमसर में 10 फरवरी मंगलवार को बीएमओ डा.खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. टी. एस. बिसेन के द्वारा मरीजों की बारीकी से जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया गया साथ ही चयनित नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए भेजा गया। बताया गया की शिविर में करीब 150 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच की । जांच के उपरांत 80 मरीजों को निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयों का वितरण किया गया। चयनित मोतियाबिंद से पीड़ित 40 मरीजों को ऑपरेशन हेतु समाजसेवी जितेंद्र गौतम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर देव जी नेत्रालय, जबलपुर के लिए रवाना किया गया।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर गांव के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, जिस से जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिल पाता है। बताया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। इस दौरान उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

## नशा मुक्त गांव बनाने का लिया फैसला : शराब ब्रिकी करने वाले पर जुर्माना और बताने वाले को इनाम की घोषणा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शराब सहित अन्य मादक पदार्थों से गांव के बिगड़ते सामाजिक माहौल और युवाओं में नशे की बढ़ती लत और उसके दुष्प्रभाव को ध्यान में रखकर ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। ग्रामीणों ने गांव में पंच परमेश्वर आधारित एक बैठक लेकर शराब बिक्री करने वाले पर जुर्माना और शराब की बिक्री करने वालों का नाम बताने वाले को इनाम देने का फैसला लिया है। यह अनूठी पहल तहसील मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत सेलवा के ग्राम बड़गांव के ग्रामीणों ने शुरू की है। रविवार की शाम यहां पर ग्रामीणों ने बैठक की जिसमें गांव के सभी महिला पुरुष और नौजवान शामिल हुए। बैठक में यह तय किया गया कि गांव के भीतर कोई भी व्यक्ति शराब बिक्री नहीं करेगा और अगर कोई शराब की बिक्री करता पाया गया तो उसे 25 हजार रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा वही जो व्यक्ति शराब या अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले की जानकारी ग्रामीणों को देगा उसे बदले में 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। हालांकि यह फैसला अभी गांव तक ही सीमित है ग्रामीणों ने इस फैसले की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दी है। बड़गांव की ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बैठक कर अपने गांव को नशा मुक्ति बनाने की दिशा में यह फैसला लिया है।

बड़गांव के ग्रामीणों की माने तो पास के ही गांव सीताखोह में शराब ब्रिकी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। ऐसे में इस गांव के लोग भी बड़गांव में शराब पीने के लिए आते और देर रात तक गांव में शराब पीने के बाद गाली-गलौच करते हुए वापस अपने गांव की तरफ जाते। अगर, गांव का कोई व्यक्ति गाली-गलौज करने से रोकता तो उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती। ऐसा होने से गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा था। वहीं गांव में ही शराब मिलने के कारण गांव के नौजवान भी इसका स्वाद चख रहे थे और जो कम पीने वाले लोग भी आसानी से गांव में ही शराब मिलने की वजह से अधिक मात्रा में शराब का सेवन करने लगे थे। इन घटनाओं का परिवार पर गहरा असर पड़ रहा था। फुलन बाई राहंगडाले नाम की महिला बताती है गांव में शराब ब्रिकी होने से घरों के बच्चे शराब के आदि बन रहे थे और शराब के नशे में परिवार में ही वाद-विवाद करते थे। यह हर घर की समस्या बन रही थी। इसलिए गांव वालों ने मिलकर फैसला लिया है गांव में कोई मादक पदार्थों की ब्रिकी नहीं करेगा और अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

खैर, अभी यह ग्रामीणों के द्वारा लिया गया एक सार्वजनिक फैसला और इस फैसले को लागू करने में कई तरह की अड़चने भी आ सकती है। इसलिए ग्रामीण इसमें प्रशासनिक मदद की उम्मीद भी कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि वह प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर गांव में बिकने वाली अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने की मांग करेंगे और शराब पीकर उपद्रव करने वाले की सूचना पुलिस को देगें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करें। बहरहाल, गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में किए गए इस साझा प्रयास पर ग्रामीण अमल करने की बात कर रहे है।

## भानेगांव लांजी में आयोजित हुई भव्य पर्यटन यात्रा

## दिव्यांग जन कल्याण संघ की वार्षिक पर्यटन यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** दिव्यांग जन कल्याण संघ द्वारा अपनी वार्षिक परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी पर्यटन यात्रा का सफल आयोजन किया गया। संघ के प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर एकता और सेवा का संदेश दिया गया। यात्रा का शुभारंभ संघ कार्यालय से अत्यंत गरिमामय ढंग से हुआ।- मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच राम ठाकरे ने यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भगवान शिव की आराधना के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। प्रसिद्ध शक्तिपीठ में दर्शन लाभ लेकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर की वास्तुकला और धार्मिक महत्व को समझा। - यात्रा के अंतिम चरण में भव्य बालाजी मंदिर के दर्शन कर सभी ने शांति का अनुभव किया। इस यात्रा का नेतृत्व संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे एवं सचिव रूपेश कुमार कुथे द्वारा किया गया।- संरक्षक श्रीमती परमिला देवीचरण ठाकरे, संघ के अध्यक्ष तन्मय मिश्रा, संयुक्त सचिव सुश्री अनीता उईके, कोषाध्यक्ष कु सुनीता बिसेन, शिकायत अधिकारी कु पारुल ठाकरे, राजकुमार बेदरे, दिनेश आठोंडे, सालिता ठाकरे प्रेरक जगदीश मिश्रा , श्रीमती केसर उरकुडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं दिव्यांग साथीगण उपस्थित रहे।

## 21 फरवरी को होगा मतदान, अंतिम मतदाता सूची जारी

# अधिवक्ता संघ लांजी के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अधिवक्ता संघ लांजी के0द्विवार्षिक चुनाव वर्ष 2026–28 को लेकर चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अधिवक्ता संघ लांजी के पंजीयन क्रमांक 271 के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव कार्यक्रम एवं अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्वाचन सूचना के अनुसार अधिवक्ता संघ लांजी का चुनाव दिनांक 21 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। चुनाव से पूर्व मतदाता सूची एवं नामांकन प्रक्रिया का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। अधिवक्ता संघ लांजी की अंतिम मतदाता सूची में कुल 13 अधिवक्ताओं के नाम शामिल किए गए हैं। सूची में शामिल अधिवक्ताओं में जयप्रकाश खानोरकर, चितरंजनदास मचिया, नीलकंठ भटेरे, एजाजुद्दीन खान, नरेशकुमार पाराशर, लोकराम नागफांसे, रविकुमार तिडके, रमनकुमार झा, चन्द्रकिशोर आसटकर, वेंकटरमण सोनवाने, जितेन्द्र कुमार रहांगडाले, बबीता पशीने एवं जितेन्द्र कुमार यादव के नाम शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 11 फरवरी 2026 प्रातः 10:30 बजे से 13 फरवरी 2026 शाम 5 बजे तक तथा नामांकन पत्रों पर आपत्ति 14 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक एवं नामांकन वापसी की तिथि 17 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही नामांकन पत्रों की जांच एवं अभ्यर्थियों की घोषणा 18 फरवरी 2026 को की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान एवं परिणाम की घोषणा 21 फरवरी 2026 को की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया अधिवक्ता संघ लांजी परिसर में संपन्न होगी। इस निर्वाचन प्रक्रिया में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एजाजुद्दीन खान सहायक निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार कलपुरिया एवं शाहबाज कादरी को नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता संघ लांजी के इस द्विवार्षिक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी देखी जा रही है और चुनावी गतिविधियां तेज होने लगी हैं।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों को करवाया पौध नर्सरी का भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्पको पर्यावरण विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ सरिता कोल्हेकर के निर्देशन में शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ईको क्लब व वनस्पति विभाग द्वारा स्नातक व स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत स्थानीय पौध नर्सरी का भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौध उत्पादन तकनीकों, नर्सरी प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरणीय संतुलन के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान नर्सरी विशेषज्ञ संजय चौधरी ने विद्यार्थियों को बीज अंकुरण, पौधों की रोपाई एवं प्रतिरोपण विधियाँ, जैविक खाद एवं उर्वरकों का उपयोग, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा आधुनिक नर्सरी तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सजावटी, औषधीय, वनस्पति एवं फलदार पौधों की विभिन्न प्रजातियों का अध्ययन किया और उनसे संबंधित वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की। ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्नेश गजभिये ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में शोधपरक दृष्टिकोण, व्यावहारिक कौशल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## दो आरोपियों को गिरफ्तार और एक नाबालिग को किया निरुद्ध

# पुलिस ने बैटरी चोरी का किया पर्दाफाश



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामीण अंचलों में वाहनों की बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 02 आरोपियों को कटंगी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के इसी मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया। मंगलवार को दोनों ही आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने शाम 06 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि 7 फरवरी को ग्राम पाथरवाडा निवासी पूर्व जनपद सदस्य सुरेश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 01 फरवरी की रात्री में अज्ञात चोरों ने उनके घर के सामने खेत में रखे चारां ट्रेक्टर की बैटरियां चोरी कर ली थी। चोरी की ऐसी ही शिकायत ग्राम कामठी व खैरलांजी से भी पुलिस के समक्ष आई। चोरी की इन सभी वारदातों को थाना प्रभारी ने गंभीरता से लेते हुए वरिष्ट पुलिस अधिकारी यानी पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में अज्ञात चोरों की पतासाजी के लिए टीम गठित की गई। वहीं कटंगी पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2) की कार्रवाई की। 10 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर अज्ञात आरोपियां का पता चलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है इधर, पुलिस अब भी प्रकरण की विवेचना कर रही है।

पुलिस ने चोरी के मामले में अरविंद पिता खड़क सिंह मडावी उम्र 23 साल निवासी कामठी, पवन पिता नंदकिशोर ठाकरे उम्र 22 साल निवासी खैरलांजी को गिरफ्तार किया जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। आरोपियों के पास से 06 नग बैटरियां और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस पूरी कार्रवाई को थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुशराम, सउनि पीएम अहाके, सउनि कपूरचंद बिसेन, प्रधान आरक्षक प्रशांत चौधरी, अनिल चौके, संदीप ठवरे, शिशुपाल बघेल, महिला प्रधान आरक्षक भागवंता बरकडे, आरक्षक नीरज सनोडिया, शिवम बघेल, गोविद चौहान, प्रदीप चित्रिव, अनिल तिवारी, महिला आरक्षक सुनैरी बघेल ने अंजाम दिया इन सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज 11 फरवरी को भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है। इस दिन को भाजपा ने समर्पण दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार समर्पण दिवस का कार्यक्रम जिले के प्रत्येक बूथ स्तर तक मनाया जायेगा इसके साथ ही मंडल स्तरीय कार्यक्रम एवं जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी परिसर बारापत्थर सिवनी में दोपहर 12 बजे मनाया जायेगा ।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने समस्त बूथ स्तरीय पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि 11 फरवरी को बूथों पर कार्यक्रम संपन्न कर कार्यक्रम के छाया चित्र और आवश्यक जानकारी संगठन एप पर डाउनलोड आवश्यक रूप से करें ।

# जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हायर सेकेण्डरी के अंग्रेजी विषय की परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानाकारी देकर बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के कुल 84 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं दिनांक 10/02/2026 से 07/03/2026 तक प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जा रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी क्रम में मंगलवार 10 फरवरी को हायरसेकेण्डरी परीक्षा अंतर्गत विषय अंग्रेजी की परीक्षा जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 9975 में से 9876 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2025-26 के लिए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी के नोडल अधिकारी प्रतिनिधि के रूप में संदीप ठाकुर एवं शिवम यादव (कार्यालय ई-गवर्नेंस सिवनी) तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में श बी.डी. नोग्धे उ.मा.शि. एवं अय्यूब खान उ.मा.शि. द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों की गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित की गई।

परीक्षा की निगरानी हेतु गठित जिलास्तरीय दल जिसमें एस.एस. कुमरे, जिला शिक्षा अधिकारी, आर.पी. पाटिल, सहायक संचालक, श्रीमती सुनीता ओसवाल, प्राचार्य एवं श्रीमती प्रतिक्षा मानगडे उ.मा.शि. द्वारा सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय घंसौर, शासकीय कन्या उ.मा.वि. घंसौर, शासकीय उ.मा.वि. भिलाई एवं शासकीय उ.मा.वि. मेहता का निरीक्षण किया गया।

इसी प्रकार विकासखण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दलों द्वारा अपने-अपने विकासखण्ड के परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का हुआ आयोजन

# केवाईसी पर दिया जा रहा विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW)–2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 09 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम केवाईसी– सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम" रखी गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत आम नागरिकों को ग्राहक पहचान प्रक्रिया, केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री, खाता स्वच्छता एवं वित्तीय अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों के प्रति ग्राहकों को सतर्क करना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देना है। इस दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को वित्तीय सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में धनौरा विकासखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, धनौरा शाखा द्वारा भी जागरूकता रथ रवाना किया गया। शाखा द्वारा सभी ग्राहकों से अपील की गई है कि वे वित्तीय साक्षरता सप्ताह में सक्रिय सहभागिता कर सुरक्षित बैंकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करें, क्योंकि ग्राहकों की सुरक्षा बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# विधायक ने पेंच परियोजना नहर की डी-4 शाखा का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज प्रातः 11 बजे से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा अपने कार्यालय मे जनसुनवाई किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुन ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम सोनाडोंगरी मे पेंच परियोजना नहर की डी-4 शाखा ग्राम खामखरेली से ग्राम कलारबांकी की ओर जाने वाली नहर निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य मे लगे अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य की गति बढ़ाते हुए शीघ्र करने के निर्देश दिया

## जेके सीमेंट ने टेक कनेक्ट प्रोग्राम का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** देश में अग्रणी सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट प्रबंधन ने जिले के इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट्स के लिए टेक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजन लूघरवाड़ा की रजवाड़ा होटल में किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर व जिले के इंजीनियर्स को जेके सीमेंट की गुणवत्ता, मापदंड, भविष्य की कार्ययोजना से अवगत कराया। टेक कनेक्ट कार्यक्रम में सिवनी जिले के प्रतिष्ठित इंजीनियर्स व आर्किटेक्ट्स को आमंत्रित किया गया।



इस दौरान उपस्थित तकनीकी विशेषज्ञों को जेके सीमेंट कंपनी के सभी प्रमुख उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी की तकनीकी सेवाओं व उच्च गुणवत्ता मानकों के बारे विस्तार से बताया गया। उपस्थित इंजीनियर्स को यह बताया कि जेके सीमेंट की तकनीकी विशेषज्ञता व उत्पाद गुणवत्ता के माध्यम से निर्माण कार्यों में बेहतर कार्य निष्पादन, उत्कृष्ट गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान जेके सीमेंट कंपनी के जोनल इंचार्ज सुधीर मिश्रा, एरिया सेल्स मैनेजर आदित्य गैंगराडे, सेल्स प्रमोटर शिवम अग्रवाल, विक्रय अधिकारी आनंद राजपूत,रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव अमित जैन, साईट एग्जीक्यूटिव आशीष दिवेदी, अंकित ठाकरे सहित जिले भर से आए इंजीनियर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम की प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने तकनीकी विशेषज्ञों को सीमेंट उत्पादों की आधुनिक विशेषताओं के बारे में बताया। साथ ही निर्माण कार्य में मजबूती व गुणवत्ता सुनिश्चित करने आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया।

# लखनादौन में 'संवैधानिक तंत्र' का पतन, 100 करोड़ के मूंग घोटाले पर प्रशासन की 'अपराधिक चुप्पी'!

**अनुच्छेद 14 और 21 का खुला उल्लंघन; क्या लखनादौन पुलिस और प्रशासन ने माफियाओं को 'संस्थागत संरक्षण' दे दिया है?**

**हरिभूमि न्यूज । छब्बी लाल कमलेशिया ।**
लखनादौन (सिवनी): लोकतंत्र में जब 'रक्षक' ही 'भक्षक' की ढाल बन जाएं, तो न्याय की उम्मीद दम तोड़ने लगती है। लखनादौन का 'मूंग महाघोटाला' अब केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि प्रशासनिक भ्रष्टाचार का वह चरम बिंदु है जहाँ संविधान की मूल भावना को ही बंधक बना लिया गया है। 100 करोड़ रुपये की इस सरकारी डकैती में 120 फर्जी नामों का खेल उजागर होने के बावजूद, 138 दिनों की ₹कुंभकर्णी नींद₹ यह सिद्ध करती है कि प्रशासन और अपराधियों के बीच 'नापाक जुगलबंदी' का अभेद्य किला बन चुका है।

### तहसीलदार की 'छह' वाली चाल: 114 अपराधियों को 'अभयदान' देने की साजिश?

भारत के संविधान के अनुसार कानून की दृष्टि में सब समान हैं, लेकिन लखनादौन तहसीलदार की कार्यप्रणाली इस सिद्धांत को ठेंगा दिखा रही है। जब शिकायत 120 फर्जी किसानों की है, तो केवल 6 नामों पर जांच को केंद्रित करना 'संवैधानिक धोखाधड़ी' है। यह बाकी 114 भू-माफियाओं और बिचौलियों को क्लीन चिट देने का एक सुव्यवस्थित 'प्रशासनिक एग्जिट गेट' तैयार करना है। क्या इन 6 नामों का शिगूफा केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए छोड़ा गया है?

### 138 दिनों का विलंब: साक्ष्यों की 'भ्रूण हत्या' या प्रशासनिक अक्षमता?

एसडीएम कार्यालय के आदेश क्रमांक 1781 की 138 दिनों तक अवहेलना करना सीधे तौर पर 'प्रशासनिक विद्रोह' की श्रेणी में आता है। धारा 166 (IPC/BNS) के तहत लोक सेवक द्वारा कानून की अवज्ञा करना दंडनीय अपराध है, फिर भी लखनादौन के जिम्मेदार अधिकारी जांच फाइल पर



कुंडली मारकर बैठे हैं। यह 'गोल्डन टाइम' केवल और केवल अपराधियों को साक्ष्य नष्ट करने और रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के लिए दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के 'ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार' के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार, 'संज्ञेय अपराध' (Cognizable Offense) की सूचना मिलते ही तत्काल प्राथमिकी (FIR) दर्ज करना अनिवार्य है। करोड़ों की हेराफेरी, कूट रचित दस्तावेज और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में लखनादौन पुलिस का FIR दर्ज न करना सीधे तौर पर न्यायपालिका के आदेशों की अवमानना है। क्या खाकी का इकबाल अब भू-माफियाओं के तलवों के नीचे दब गया है?

**अमित तिवारी , विनोद मिश्रा कंप्यूटर ऑपरेटर , राजेंद्र डेहरियाऔर दिनेश श्रीवास्तव: लेखापाल और समिति कर्मियों का 'डिजिटल डाका'!**

घोटाले की जड़ें केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लेखापाल अमित तिवारी और समिति कर्मी दिनेश श्रीवास्तव के बैंक ट्रांजैक्शन इस महालूट की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फर्जी किसानों के नाम पर निकाली गई सरकारी राशि को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए इन कर्मियों के निजी खातों में स्थानांतरित किया गया है।

### डिजिटल साक्ष्य और सैटेलाइट की दस्तक

प्रशासन भले ही फाइलें दबा दे, लेकिन 'रिमोट सेंसिंग डेटा' और सैटेलाइट इमेजरी यह गवाही देने को तैयार हैं कि जिन खेतों में करोड़ों की मूंग पैदा होना दिखाया गया, वहां बंजर जमीन धूल उड़ा रही थी। प्रदेश की जनता एवं किसानों का यह प्रश्न पूछता है कि जब आधुनिक तकनीक झूठ पकड़ सकती है, तो प्रशासन की 'आंखें' क्यों बंद हैं?

### दो-टूक मांग: जनता मांगे हिसाब

लखनादौन की जनता और किसान संगठन अब मूकदर्शक नहीं रहेंगे। हमारी स्पष्ट मांग है: समग्र FIR: केवल 6 नहीं, बल्कि सभी 120 फर्जी लाभार्थियों और उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज हो। EOW हस्तक्षेप: मामला 100 करोड़ के पार है, अतः इसकी जांच तत्काल 'आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ' (EOW) को सौंपी जाए।

### संपत्ति कुर्क: भ्रष्टाचार से अर्जित समस्त अवैध संपत्ति को राजसात किया जाएगा

पुलिस 24 घंटे के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर धाराओं और दोषियों का आधिकारिक खुलासा करे। अन्यथा, यह 'अपराधिक चुप्पी' घोटालेबाजों के साथ आपकी सीधी संलिप्तता और भ्रष्टाचार में मूक भागीदारी का पुख्ता प्रमाण मानी जाएगी। यदि आगामी समय में प्रशासन अपनी 'अपराधिक खामोशी' नहीं तोड़ता, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि

## कान्हीवाड़ा में विशाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज़



**कान्हीवाड़ा-** क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बीबीसी बस स्टैंड बैडमिंटन क्लब, कान्हीवाड़ा द्वारा आयोजित विशाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शानदार आगाज़ हुआ। उद्घाटन समारोह में कान्हीवाड़ा सरपंच श्रीमती लता शिवपुरी गोस्वामी, थाना प्रभारी संतोष पंद्रे, एएसआई प्रेम सिंह परतेती,एएसआई अमरीश शुक्ला, मुक्तादिर पटेल,जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष असलम शेर खान,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सिंह बब्बू पटेल, वाहिद खान,दिलीप रक्सेल, सचेन्द्र वर्मा, संतोष ग्वालवंशी, साजिद पटेल, इसाक खान,करीम पहलवान,अ. समद पप्पू भाई, अरुण मोदी,दिलीप सोनी,अन्नू साहू,रमेश राय,अखिलेश श्रीवास्त्री, सतीष ठाकुर, आशीष साहू,हस्सू भाई,इक़बाल अंसारी,शरद बघेल, तारेंद्र श्यामू ठाकुर,फहीम भाई आयशर,अलीम भाई, बाब भाई, संतोष बंदेवार, विशाल भारद्वाज,गुड्डू रक्सेल, फैजान खान, सुकेश प्रजापति,अमित विश्वकर्मा, सुरेंद्र शरणागत,अब्दुल अहद खान, मोनू अवधिया, मोहसिन खान,राजेन्द्र पंद्रे, तबरेज खान,विक्की ठाकुर,प्यारे भाई, मुकेश यादव, अंशुल ठाकुर,नवनीत साहू,सूरज नामदेव,रहमान अंसारी,फरहान खान,लादेन बाबा,मुदस्सिर पटेल,शाजिब पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही,

## चारगांव माध्यमिक शाला को खेल सामग्री प्रदत्त की गई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चारगांव माध्यमिक शाला को अपने पूज्य पिता स्वर्गीय पदमचंद नाहटा की स्मृति में खेल सामग्री प्रदत्त की गई. आज इस अवसर पर चारगांव माध्यमिक शाला में प्रदत्त खेल सामग्री सिंगलवार, डबलवार का लोकार्पण जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुजीत नाहटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक, शाला शिक्षक श्री अवस्थि एवं समस्त शाला शिक्षक, शिक्षिका परिवार, बच्चे एवं चंदन जैन, प्रणय भूरा एवं चारगांव ग्राम के सम्मानित गणों की उपस्थिति रहीं। इसी कार्यक्रम में सिवनी नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यावसायी किशोर चंद्र प्रणय भूरा द्वारा सभी बच्चों को स्वेटर प्रदान की गयी.बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए.अंत में सुजीत नाहटा ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शाला परिवार का आभार व्यक्त किया।

## कन्या महाविद्यालय में इंटरनेट डे का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सेफर इंटरनेट डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हमने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में चर्चा की और महत्व को समझाया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कैरियर प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम ने छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया साथ ही इंटरनेट के खतरों के बारे में बताया और उनसे कैसे बचाव किया जा सकता है इस पर चर्चा की, आगे इसी कड़ी में सुश्री आयशा सिद्धिका ने बताया कि सेफर इंटरनेट दिवस एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं खासकर बच्चों और युवाओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन गोपनीयता और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। आगे मंच संचालन करते हुए डॉ .समिता शर्मा ने छात्राओं को बताया कि यह दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य एक सुरक्षित और बेहतर ऑनलाइन वातावरण बनाना है जहां उपयोगकर्ता सुरक्षित महसूस करें और साइबर खतरों से कैसे बच सके। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में अपने विचार साझा किए। अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि हम इंटरनेट के खतरों से बचने के लिए हमेशा सावधान रहेंगे और लोगों को भी सावधान एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में डॉ अनीता भट्ट, श्रीमती चेतना डहेरिया, डॉ. अर्पणा अवस्थी की उपस्थिति रही। डॉ. हेमराज नागवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से संबंधित पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार, पुनर्वास, शासकीय योजनाओं का लाभ, शिक्षा सहायता एवं अन्य कल्याणकारी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों द्वारा प्रस्तुत लिखित समस्याओं एवं सुझावों पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों द्वारा राष्ट्र सेवा में दिए गए योगदान को सदैव सम्मान के साथ स्मरण किया जाएगा तथा शासन द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय को भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी तथा उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

## सृजन-सम्मान गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक का किशोरों से संवाद

# पुलिस अधीक्षक ने छात्र छात्राओं से परिचर्चा करते हुए बेहतर भविष्य हेतु विस्तार से मार्गदर्शन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के नवाचार सृजन-सम्मान गतिविधियों अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा पोद्दार स्कूल सिवनी में छात्र छात्राओं से परिचर्चा करते हुए बेहतर भविष्य हेतू विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया और छात्र छात्राओं की जिज्ञासा में शामिल प्रश्नों पर विस्तार से जानकारी सांझा की साथ ही साइबर सेफ्टी,चाइल्ड राइट्स,ड्रग एडिक्शन एंड अवेयरनेस और यूपीएससी, पीएसएस परीक्षाओं हेतू परामर्श व समझाइश दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मेहता द्वारा किशोरों के व्यक्तित्व विकास हेतू सृजन अभियान की रूपरेखा से बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और शिक्षिका श्रीमती सुन्दनना द्वारा किया गया।प्राचार्या श्रीमती मंजू टुडू ने इस अभिनव कार्यक्रम के आयोजन हेतू आभार व्यक्त किया।

प्रभारी डूंडा सिवनी निरीक्षक चैन सिंह उईके,मार्गिक फाउंडेशन से कु.शिवानी बघेल,श्रीमती आराधना ठाकुर व मातृशक्ति संगठन से श्रीमती मधुरिमा सक्सेना,सुश्री कृति श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति रही संस्था के निदेशक अमित पांडेय,उप प्राचार्य सुजीत प्रसाद,प्रबंधक आनंद शर्मा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न व शुभ पौध से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल प्रशि.अमोल चंद्रा,शिक्षक लोकेंद्र चौरसिया, आदित्य उपाध्याय, सुश्री प्रिया बघेल,सुश्री सीमा बिसेन, विजेंद्र राठौर का विशेष सहयोग रहा व छात्र छात्राओं की उत्साहित प्रतिभागिता हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह से लौटे विद्यार्थियों का पी.जी. कॉलेज सिवनी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गणतंत्र दिवस समारोह, नई दिल्ली से लौटने पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय पी.जी. कॉलेज, सिवनी की एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर प्राची ताराम, सीनियर अंडर ऑफिसर निखिल चौरे एवं भोपाल गणतंत्र दिवस समारोह भोपाल से लौटी एनएसएस स्वयंसेवक दिशा बघेल का महाविद्यालय परिसर में भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर चयन होकर गणतंत्र दिवस जैसे गौरवपूर्ण समारोह में सहभागिता करने से महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले का मान बढ़ा है।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा तीनों विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उपस्थित स्टॉफ, एनसीसी अधिकारी एवं एनसीसी कैडेट्स ने तालियों एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं। पूरे महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति एवं गर्व का वातावरण बना रहा।पी.जी. कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट अंडर ऑफिसर प्राची ताराम ने गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया। वहीं निखिल चौरे ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पी.एम. रैली में स्पेशल एनआईसी के माध्यम से सहभागिता की।

## ग्राम गर्रा में सड़क भूमिपूजन के दौरान ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार, सरपंच वैभवसिंह बिसेन बोले 2017 से भूमिहीनों के लिए जारी हैं लड़ाई

# भूमिहीन परिवारों को मिले मालिकाना हक, आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय तक जाएंगें : अनुभा मुंजारे







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मंगलवार 10 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे ने, गर्रा पंचायत में खनिज मद से 10 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के साथ ही स्वामित्व योजना के तहत भूमिहीनों को लंबे समय से नही मिल रहे पट्टा को लेकर भूमिहीन परिवारों से चौपाल लगाकर बात की।

सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने बताया कि तत्कालीन जनपद सदस्य रहते हुए 2017 से वह गर्रा पंचायत के 640 भूमिहीन परिवारों को लेकर संघर्ष कर रहे है, इस दौरान कई बार पट्टे की मांग को लेकर तत्कालीन सरपंच श्रीमती रीना त्रिवेदी के साथ मिलकर उन्होंने, जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा बल्कि गर्रा पंचायत सरपंच बनने के बाद से भी वह लगातार इसके लिए प्रयासरत है। यही नहीं बल्कि पंचायत क्षेत्र के राजस्व भूमि और घास मद की भूमि का मद परिवर्तन कर खसरा क्रमांक 571, 534/1, 206, 207/2, 157, 475/2, 475/3, 215/2, 215/5, 208, 504, 505, 506 में भूमिहीनों को पट्टा देने के लिए, पंचायत से प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। बावजूद इसके प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। वहीं भूमिहीनो ने भी विधायक मुंजारे के सामने, जमीन का पट्टा नहीं होने से शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होने का दर्द बयां किया।

विधायक अनुभा मुंजारे ने चौपाल में उपस्थित पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन और भूमिहीन परिवारों को आश्वस्त किया कि पंचायत सरपंच के बताए गए खसरा का मद परिवर्तन कराने के साथ ही भूमिहीन परिवारों को स्वामित्व योजना से पट्टा दिलाने के लिए वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ेगी। यही नहीं बल्कि विधायक अनुभा मुंजारे ने इसकी पूरी प्रक्रिया से भी पंचायत सरपंच और भूमिहीन अवगत कराया।

सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने बताया कि पंचायत के 640 परिवारों के पट्टा आवेदन की प्रक्रिया को पूरा कर पहले कलेक्टर को आवेदन सौंपा जाएगा। जिसके बाद विधायक अनुभा मुंजारे के साथ कमिश्नर जबलपुर को भी आवेदन सौंपकर, पंचायत के भूमिहीन परिवारों के लिए जमीन का मद परिवर्तन कर पट्टा देने की मांग की जाएगी। जिस तरह से हमें विधायक महोदया ने गर्रा पंचायत के साथ ही जनपद क्षेत्र 21 की अन्य पंचायतो गर्रा, मांझापुर, लेंडेझरी, डोंगरिया और बरबसपुर सहित 910 भूमिहीन परिवारों को पट्टा दिलाने, सदन में आवाज उठाने का भरोसा दिलाया है और जल्द ही सभी पंचायतो को प्रस्ताव पारित कर आवेदन पूर्ण की बात कही। ताकि जल्द से जल्द कार्यवाही पूर्ण हो सके। हमें पूरा विश्वास है कि वह, अपने, इस वादे का पूरा कर पंचायत क्षेत्र के भूमिहीन परिवारों के लिए लड़ाई लड़कर, उन्हें उनका हक दिलाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के बाद, भूमिहीन परिवारो की लड़ाई, इसलिए कमजोर पड़ी कि गांव के कुछ पूर्व जनप्रतिनिधियों ने इसको लेकर हमारी शिकायत की गई और वैधानिक गतिविधियो में अड़चने पैदा की गई। जिसके कारण, सालो पहले हो जाने वाला यह काम, आज भी अधूरा है लेकिन विधायक महोदय के मिले साथ के बाद मैं भूमिहीन परिवार को आश्वस्त करता हुॅ कि पंचायत के अपने, इसी कार्यकाल में सभी परिवारों को पट्टा/कब्जा प्रमाण पत्र दिलाने का काम पूरा करूंगा। साथ ही पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने पंचायत की वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किए जाने पर विधायक अनुभा मुंजारे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षो से इस रोड के निर्माण की मांग, वार्डवासी उठा रहे थे। जिसका अब निर्माण होने से वार्डवासियों को राहत मिलेगी। इस दौरान समाजसेवी किरणभाई त्रिवेदी, पूर्व वन समिति अध्यक्ष तोपेश बिसेन, मंसुर खान, पूर्व वार्ड पार्षद संजय बिसेन, समाजसेवी अशोक गुप्ता, मांझापुर सरपंच रूखमणी मर्सकोले, उपसरपंच घनश्याम चौधरी, वन समिति उपाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, वार्ड पार्षद जुबेदा सलीम शाह, श्रीमती मिश्रा, डॉ. गोकुल बसेने, सुनील हनवत, अजय जैन, नितिन जैन, डोंगरिया उपसरपंच दयाराम बाजनघाटे, उमेश बारेकर, योगराज मानेश्वर, पूर्व जनपद सभापति रंजना राधेलाल चौहान, समाजसेवी मदनलाल टेंभरे सहित सैकड़ो ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## श्रीवास्तव नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के श्रीवास्तव नर्सिंग होम में एक प्रसूता की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिवार वालों ने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं और गुस्से में आकर अस्पताल में तोड़फोड़ भी की। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने इन आरोपों को गलत बताया है।

भटेरा निवासी सलोनी मोहारे को 23 जनवरी को प्रसव पीड़ा होने पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां उसने ऑपरेशन के जरिए बेटे को जन्म दिया। 27 जनवरी को उसे छुट्टी दे दी गई, लेकिन ससुराल पहुंचने के बाद उसे तेज बुखार आने लगा। जब दोबारा अस्पताल दिखाया गया, तो डॉक्टर ने दवाइयां देकर घर भेज दिया। तबीयत में सुधार न होने पर सलोनी को 4 फरवरी को फिर से भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि उसे इंफेक्शन हो गया है। मंगलवार सुबह अचानक उसकी हालत बिगड़ी और आईसीयू में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सलोनी के मामा जितेंद्र सुलाखे का कहना है कि डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही की वजह से उनकी भांजी की जान गई है।

परिजन बोले कि डॉक्टर बार-बार यही कहते रहे कि ठीक हो जाएगी और इंफेक्शन बढ़ता, जिससे समय पर जरूरी इलाज नहीं मिल पाया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

दूसरी ओर, नर्सिंग होम के संचालक डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने लापरवाही के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत की सही वजह सामने आ सके।

### जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण योजना का पंचायत को हुआ औपचारिक हस्तांतरण

## ग्राम बोलडोंगरी में मनाया गया जल अर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बोलडोंगरी में "जल अर्पण दिवस" कार्यक्रम का भव्य आयोजन पंचायत भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम में पूर्ण हो चुकी पेयजल योजना को औपचारिक रूप से पंचायत एवं ग्रामीण समुदाय को सौंपना तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शिशुपाल परिहार, ग्राम सरपंच श्रीमती विनीता चकोले एवं पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोपचे रहे।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के सहायक यंत्री जितेंद्र कारमेघे, सब इंजीनियर विनोद कुमरे, अजय भरतकर, पवन पराडकर, हायड्रोलॉजिस्ट अरुण शर्मा सहित विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले, रानी सिंह राजपूत, श्रुति डहाटे, सीबी एंड टी समन्वयक शीतल मिश्रा, आईएसए समन्वयक हरीश झा, केमिस्ट नेमसिंह मर्सकोले, मंच संचालक उमाशंकर लांजेवार, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं द्वारा जल जीवन मिशन विषय पर आकर्षक रंगोली सज्जा की गई। सब इंजीनियर श्री विनोद कुमरे एवं विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले ने जल अर्पण दिवस के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल व्यवस्था के प्रति स्वामित्व की भावना विकसित करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों, विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा "जल बचाओ" संदेश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जल बंधन कार्यक्रम के तहत पानी की टंकी एवं नलों पर रक्षासूत्र बांधकर जल स्त्रोतों की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया। केमिस्ट एवं विकासखंड समन्वयकों द्वारा फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांच का तकनीकी प्रदर्शन किया गया। सीबी एंड टी समन्वयक शीतल मिश्रा द्वारा सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ग्राम पंचायत सचिव ने ग्रामीणों को "मेरी पंचायत एप" की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान पेयजल योजना के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी विधिवत रूप से पंचायत को सौंपी गई। सरपंच एवं सचिव को एफटीके किट प्रदान की गई ताकि वे जल गुणवत्ता जांच में आत्मनिर्भर बन सकें। योजना में विशेष योगदान देने वाले पंप ऑपरेटर श्री सोनू पटले को सहायक यंत्री श्री जितेंद्र कारमेघे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण एवं स्वच्छ पेयजल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।




## मॉयल कर्मी ने लगाई फांसी

**बालाघाट।** जिले के भरवेली स्थित मॉयल लिमिटेड कंपनी में कार्यरत एक 21 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान भरवेली पंचायत के वार्ड क्रमांक 17 निवासी लोकेश बाहेश्वर के रूप में हुई है। युवक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस घटना की जांच कर रही है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, लोकेश एक निजी कंपनी के माध्यम से मॉयल में काम करता था। सोमवार रात वह धनसुआ में एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौटा था। मंगलवार सुबह उसने सामान्य रूप से अपने कपड़े धोए, लेकिन उसके कुछ देर बाद ही घर के भीतर सफेद ओढ़नी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।घटना के समय घर पर कोई और सदस्य मौजूद नहीं था। जब उसकी बहन घर पहुंची, तो उसने लोकेश का शव फंदे पर लटका देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही भरवेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा।

## अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 10 फरवरी को ग्राम बोनकट्टा, तहसील तिरोड़ी में अवैध खनिज रेत उत्खनन एवं परिवहन की प्राप्त शिकायत के आधार पर खनिज अमले द्वारा मौके पर जांच की गई।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जांच के दौरान शिकायती क्षेत्र में एक ट्रैक्टर–ट्रॉली अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाई गई। खनिज विभाग की टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर थाना तिरोड़ी की सुरक्षा में खड़ा कर दिया गया है। इस प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत नियमानुसार विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में हाइवा वाहन क्रमांक MP 50 H 1358 को लामता रेलवे फाटक के पास बालाघाट रोड पर खनिज गिट्टी का ओवरलोड परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त वाहन को थाना लामता की अभिरक्षा में रखा गया है। वाहन चालक की पहचान फिरोज खान, निवासी वार्ड नंबर 24 मोतीनगर बालाघाट के रूप में की गई है।

खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध खनन संबंधी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



## बीमा कंपनी बजाज एलाइंस को देना होगा 2 लाख रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि

**बालाघाट।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग डॉ महेश कुमार चांडक और सदस्य श्रीमती हर्षा डोहरे की संयुक्त बैंच ने शिवपूजन मिश्रा को 2 लाख रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि, ब्याज और हर्जाने के रूप में देने के आदेश बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी नागपुर को दिए हैं। शिवपूजन मिश्रा ने अपनी हुंडई कार के लिए बीमा पॉलिसी ली थी, जो दुर्घटना 12 दिसंबर को आवेदक लालबर्रा के तरफ आ रहा था रात्रि में सामने अचानक गाय आ जाने के कारण उपरोक्त वाहन पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। शिवपूजन मिश्रा ने अपनी कार का बीमा बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी नागपुर से किया था, जिसकी पॉलिसी दिनांक 18 दिसंबर 2022 से 17 दिसंबर 2023 तक थी। दुर्घटना 12 दिसंबर को 2023 को हुई थी, उन्होंने तुरंत बीमा कंपनी को सूचना दी और वाहन को सुधारने के लिए कहा। लेकिन बीमा कंपनी ने दावा अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद शिवपूजन मिश्रा ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। कंपनी ने दावा अस्वीकार कर दिया था, लेकिन आयोग ने सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर बीमा कंपनी को सेवा में कमी मानते हुए क्षतिपूर्ति राशि देने के आदेश दिए। उपभोक्ता आयोग ने मामले की जांच की और पाया कि बीमा कंपनी ने सेवा में कमी की है। आयोग ने बजाज एलाइंस इंश्योरेंस कंपनी नागपुर को आदेश दिया कि वे शिवपूजन मिश्रा को 2 लाख 1 हजार 86 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि साथ ही 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज, 3 हजार रुपये की शारीरिक और मानसिक वेदना की क्षति पूर्ति और 1500 रुपये का वाद व्यय देने को कहा गया है।

## मुख्यमंत्री को विधायक मधु भाऊ भगत ने औद्योगिक इकाई स्थापना सहित विभिन्न मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गत दिवस एक दिवसीय प्रवास पर बालाघाट पहुंचे। इस दौरान परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने मुख्यमंत्री से भेंट कर अपने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनहितकारी मांगों को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से बालाघाट जिले में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, विशेषकर प्रस्तावित मैग्नीज़ क्लस्टर को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग शामिल रही।

विधायक भगत ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्ष 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बालाघाट जिले में मैग्नीज़ क्लस्टर की घोषणा की गई थी। यह परियोजना जिले के औद्योगिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वाकांक्षी थी। इस क्लस्टर के अंतर्गत लगभग 300 एकड़ भूमि का आवंटन 6 औद्योगिक इकाइयों को किया गया था। उल्लेखनीय है कि संबंधित सभी उद्योगों द्वारा शासन को भूमि की संपूर्ण राशि का भुगतान भी किया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक यह परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी है।

ज्ञापन में परियोजना के लंबित रहने के प्रमुख कारणों को भी स्पष्ट रूप से सामने रखा गया। विधायक भगत ने बताया कि मैग्नीज़ क्लस्टर क्षेत्र में 500 केवीए विद्युत सब-स्टेशन की उपलब्धता नहीं है, जिसके अभाव में किसी भी औद्योगिक इकाई का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। इसके अतिरिक्त चिंदगांव से बाउंडकला तक का सड़क मार्ग अत्यंत संकरा एवं अवरोधित है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही और औद्योगिक परिवहन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यह सड़क मार्ग वर्तमान में एक बड़े बॉटलनेक के रूप में सामने आ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मैग्नीज़ क्लस्टर परियोजना के अंतर्गत लगभग 1400 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। इसमें खनिज आधारित उद्योग, मैग्नीज़ प्रोसेसिंग यूनिट्स तथा उनसे जुड़ी सहायक औद्योगिक गतिविधियां शामिल हैं। यह परियोजना न केवल बालाघाट जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का माध्यम बन सकती है, बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



विधायक मधु भाऊ भगत ने अफसोस जताते हुए कहा कि संबंधित विभागों और अधिकारियों की लापरवाही तथा आधारभूत सुविधाओं की कमी के कारण यह विशाल निवेश लंबे समय से अटका हुआ है। इससे निवेशकों में निराशा बढ़ रही है और क्षेत्र के विकास की संभावनाएं बाधित हो रही हैं।

अंत में विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मैग्नीज़ क्लस्टर को प्राथमिकता में लेते हुए शीघ्र 500 केवीए विद्युत सब-स्टेशन की स्वीकृति एवं स्थापना कराई जाए, चिंदगांव–बाउंडकला सड़क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुधार तत्काल कराया जाए तथा परियोजना से जुड़े सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि इन कदमों से बालाघाट जिले को एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

क्रं./0298/अति.कले./वि.अधि./2026
बालाघाट, दिनांक 17/12/2025

::आम-सूचना::

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष अंर्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण अनिल जेठवानी उम्र 36 वर्ष पिता श्री रमेश जेठवानी जाति सिन्धी निवासी वार्ड नं 07 गुरूनानक नगर वारासिवनी तह.वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र) एवं आवेदिका कु. वर्षा रैदाश उम्र-28 वर्ष पिता श्री रामसरण रैदाश जाति चमार निवासी वार्ड नं. 01 इन्द्रा नगर कटनी मुरवारा तह. व जिला कटनी (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसमे विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनाक 11.02.2026 को नियत की गई है। अतः उक्त विवाह के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 11.02.2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला बालाघाट(म.प्र.)**